1 △CCE PF/NSR & NSPR(C)/500/6643

**C**

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]
Total No. of Printed Pages : 12 ]

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 59 ]
Total No. of Questions : 59 ]

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 06-H**

**Code No. : 06-H**

**CCE PF**
**UNREVISED**
**FULL SYLLABUS**
**NSR & NSPR**

**Question Paper Serial No. 500**

# ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : First Language — HINDI

**(ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. & ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್.)**

**( Private Fresh / NSR & NSPR )**

ದಿನಾಂಕ : 31. 03. 2023 ] [ Date : 31. 03. 2023

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-45 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-45 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 125 ] [ Max. Marks : 125

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 59 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

[ Turn over

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं। उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए । 10 × 1 = 10**

1. 'लिखना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

   (A) लिखवाना (B) लेखन

   (C) लिखाना (D) लिखावट ।

2. 'अपना' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) पराया (B) अपनापन

   (C) सपना (D) हमारा ।

3. 'बेगम' शब्द का पुल्लिंग रूप है –

   (A) पत्नी (B) बादशाह

   (C) महाराज (D) सेनापति ।

4. 'सिपाही' शब्द का पर्यायवाची है –

   (A) सैनिक (B) गुलाम

   (C) दर्जी (D) राजा ।

5. निम्न में से बहुवचन शब्द पहचानिए –

   (A) किताब (B) कोशिश

   (C) माला (D) पुस्तकें ।

6. ‘ओझल हो जाना’ मुहावरे का अर्थ है –

(A) गिनती करना (B) मदद करना

(C) गायब हो जाना (D) भाग जाना ।

7. ‘लड़का’ शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप है –

(A) लड़की (B) जवानी

(C) लड़के (D) लड़कपन ।

8. निम्नलिखित में से उपसर्ग युक्त शब्द है –

(A) बचपन (B) अपमान

(C) गरमाहट (D) सरलता ।

9. संभाजी शिवाजी .................. पुत्र था । सही कारक प्रत्यय भरिए –

(A) की (B) का

(C) में (D) पर ।

10. ‘हिरन <u>तेज़</u> दौड़ता है’ । रेखांकित शब्द व्याकरण की दृष्टि से है –

(A) संज्ञा (B) सर्वनाम

(C) क्रिया-विशेषण (D) विशेषण ।

**II. प्रथम दो शब्दों में सूचित संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए ।**

**5 × 1 = 5**

11. अधिक + अंश : अधिकांश :: भुवन + ईश्वरी : ............................ ।

12. धर्मरक्षा : तत्पुरुष समास :: पंचवटी : .................................... ।

13. रवीन्द्र ने कविता लिखी : भूतकाल :: कुत्ता धीरे-धीरे ऊपर आएगा : ......... ।

14. जो कवितायें लिखता है : कवि :: जो विदेश में रहता है : .................... ।

15. कर्ण रोटी खाएगा : कर्ण से रोटी खाई जाएगी :: मैंने पत्र लिखा : ........... ।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए । 8 × 1 = 8**

16. राज्य में क्या फैल गया था ?

17. स्त्री बच्चे को कहाँ ले जा रही थी ?

18. मैना दंपति नाच-गान क्यों करते थे ?

19. लेखक नगेन्द्र भट्टाचार्य के मन में बार-बार कैसी बात आती है ?

20. 'परबत वो सबसे ऊँचा' में 'वो' सर्वनाम किस पर्वत के लिए प्रयुक्त हुआ है ?

**1**

21. पिछड़ा आदमी क्यों मारा गया ?

22. जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग कौन-सा है ?

23. लाला झाऊलाल छत पर क्यों टहल रहे थे ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दा या तीन वाक्यों में लिखिए । 15 × 2 = 30**

24. पुराने रूसी साहित्य में लेखक नगेन्द्र भट्टाचार्य जी ने क्या पढ़ा था ?

25. काठियावाड़ तथा भारत की जनता गाँधीजी की ओर क्यों आकृष्ट हुई ?

26. शीला अग्रवाल ने मन्नूजी को साहित्य की ओर कैसे आकृष्ट किया ?

27. लोकगीतों को जीवित रखने में स्त्रियाँ महत्तर भूमिका निभा रही हैं । कैसे ?

28. कवि अज्ञेय जी अनदेखे अरूप को उधार देने से क्यों डरते हैं ?

29. पिछड़े आदमी और दूसरे लोगों के खाना खाने का ढंग कैसा था ?

30. नेपोलियन और इलाइज़ा के चरित्र का परिचय दीजिए ।

31. स्काउट और गाइड के प्रमुख नियमों की सूची बनाइए ।

32. रैदास से पंडित मूर्ति क्यों माँग रहा था ?

33. 'कुछ खास तो नहीं' हेलेन की मित्र के इस जवाब से हेलेन को आश्चर्य क्यों हुआ ?

34. पहाड़ी लोकगीतों के बारे में आप क्या जानते हैं ? बताइए ।

35. सेठ गाविंददास की राय में सच्चा धर्म का स्वरूप कैसा होता है ?

36. कवि बालकृष्ण शर्मा के अनुसार सामाजिक कुरीतियों को किस तरह मिटाना चाहिए ?

37. बुरे लोगों के साथ रहने पर भी मनुष्य अच्छा रह सकता है । इस बात को रहीम ने कैसे समझाया है ?

38. अपने पुरुषार्थ पर भरोसा रखनेवाले क्या-क्या कर सके हैं ?

**V. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए । $2 \times 3 = 6$**

39. पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र' ।

40. वृन्द ।

**VI. छन्द पहचानकर लक्षण बताइए ।** **3**

41. राम दूत अतुलित बल धामा ।

    अंजनि पुत्र पवन सुत नामा ।।

**VII. अलंकार पहचानकर लक्षण बताइए ।** **3**

42. हम बुलबुले हैं इसकी ।

**VIII. निम्नलिखित वाक्यों का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।** **4 × 3 = 12**

43. "आप इस शक्स को जानते हैं ।"

44. "मैं उसी के पास इस बदनसीब बच्चे को ले जा रही हूँ ।"

45. "उसे देखा नहीं जा सकता, अनुभव किया जा सकता है ।"

46. परबत वो सबसे ऊँचा, हमसाया आसमाँ का ।

    वो संतरी हमारा, वो पासवाँ हमारा ।

**IX. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए ।** **6 × 3 = 18**

47. पुरुषोत्तम के अब्राह्मण के साथ भोजन करने से परिवार पर कैसा प्रभाव पड़ेगा ? स्पष्ट कीजिए ।

48. कोलकाता के आश्रम में कुत्ते के बर्ताव की जानकारी दीजिए ।

49. जग का नव निर्माण किस प्रकार करें ? विवरण दीजिए ।

50. गाँधीजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए ।

51. शीला अग्रवाल ने मन्नू भण्डारी को किस प्रकार प्रभावित किया ? बताइए ।

52. अनदेखे अरूप ने प्यार को कैसे वापस लौटाने की बात कही है ?

**X. निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए ।** **4**

53. पैदा कर जिस ....................................................................

....................................................................................

....................................................................................

.................................................................. स्वजीवन सारा ।

**अथवा**

जग में सुख ......................................................................

....................................................................................

....................................................................................

.................................................................. को गले लगाना ।

**1**

**XI. निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए ।** **4**

54. मुरझाए फ़ल में सुगंधि कौन ढूँढ़ेगा ?

बच्चे में कौन खोट देखेगा ?

हे देव ! विश्वास को ठेस लगने पर

फिर से सद्गुण कौन परखेगा ?

हे प्रभु, जले पर कौन नमक छिड़केगा ?

सुनो, हे चन्नमल्लिकार्जुन

नदी पार करने के बाद मल्लाह को कौन पूछेगा ?

**अथवा**

भूख लगी तो गाँव में भिक्षान्न है,

प्यास लगी तो तालाब-कुएँ हैं,

शीत से बचने जीर्ण वस्त्र हैं,

सोने के लिए उजड़े मंदिर हैं,

हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,

मेरा आत्म सखा तू ही है ।

**XII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ-दस वाक्यों में लिखिए ।** **2 × 4 = 8**

55. रामचन्द्र शुक्ल जी और उनके मित्र ने एक दूसरे पर व्यंग्य कैसे किया ? विवरण दीजिए ।

**अथवा**

लेखक एच०जी० वेल्स ने घमण्डी अभिनेत्री का सर कैसे झुकाया ?

56. आलूर वेंकटराव के जीवन में नया मोड़ कैसे आया ? बताइए ।

**अथवा**

आलूर वेंकटराव जी के नूतन विद्यालय का परिचय दीजिए ।

**XIII. गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** **2 × 2 = 4**

57. कुवेंपू जी को कन्नड़ भाषा की दीक्षा एक विदेशी कवि से मिली । आइरिश कवि जेम्स कसिन्स कभी मैसूर आए थे । उनको अपनी अंग्रेजी कविता संग्रह भेंट करने के उद्देश्य से कुवेंपू जी उनसे मिलने गए । जब उन्होंने अपनी कविता संग्रह कसिन्स को समर्पित किया तो उस संग्रह की कविताओं को देखकर और उनकी पोशाक की ओर इशारा करते हुए कसिन्स ने कहा - "आपका पहनावा तो स्वदेशी है, मगर कविताएँ स्वदेशी नहीं, कन्नड़ में कुछ लिखा है तो दिखाइए ।" आगे कसिन्स ने कन्नड़ भाषा क सामर्थ्य पर प्रकाश डाला और कहा कि कन्नड़ भाषा को असमर्थ भाषा कहना ठीक नहीं है । इस प्रकार कुवेंपू जी को अंग्रेजी भाषा से छुटकारा दिलाकर, अपनी मातृभाषा की ओर उन्मुख करने का श्रेय आइरिस कवि जेम्स कसिन्स को ही जाता है ।

**प्रश्न :**

a) कुवेंपू जी आइरिश कवि से क्यों मिलने गए थे ?

b) कुवेंपू जी को कन्नड़ भाषा की ओर उन्मुख कैसे किया गया ?

**XIV. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए ।** **5**

58. अपने भाई की शादी का कारण बताकर, तीन दिनों की छुट्टी की विनती करते हुए कक्षाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

**अथवा**

'हर घर तिरंगा' – इस अभियान की जानकारी देते हुए अपने दोस्त के नाम एक पत्र लिखिए ।

**XV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 15-20 वाक्यों में निबंध लिखिए ।**

**1 × 5 = 5**

59. i) आज़ादी का अमृत महोत्सव

ii) आदर्श विद्यार्थी ।